विद्यार्थी का नाम ..... अनुक्रमांक .....

पूर्व बोर्ड परीक्षा जनवरी 2025

कक्षा-10

विषय- हिन्दी

समय- 3 घंटे कुल अंक- 80

सामान्य निर्देश-

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य है। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकता अनुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

खण्ड-क

प्रश्न 1. व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 7x1=7

क. 'महात्मा' समास का भेद बताइए-

(i) बहुव्रीहि (ii) द्विगु

(iii) अव्ययीभाव (iv) कर्मधारय

ख. 'अत्यधिक' शब्द में कौन-सी संधि है?

(i) दीर्घ (ii) गुण

(iii) यण् (iv) वृद्धि

ग. 'भोर' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

(i) उषा (ii) गगन

(iii) अंतरिक्ष (iv) भौंरा

घ. 'वाचाल' शब्द का विलोम कौन-सा है?

(i) वक्ता (ii) श्रोता

(iii) मूक (iv) ज्ञानी

ङ. 'अधिकार' शब्द में उपसर्ग है-

(i) अ (ii) आ

(iii) अधि (iv) अधी

च. 'बैठा' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(i) ठा (ii) ठ

(iii) अ (iv) आ

छ. 'अंत पाना' मुहावरे का अर्थ होगा-

(i) मर जाना (ii) रहस्य जानना

(iii) अंत तक जाना (iv) निष्कर्ष जानना

Downloaded from www.cclchapter.com

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर लिखिए- 4x2=8

क. चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
ख. अविकारी शब्द की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।
ग. संधि की परिभाषा और उसके भेदों के नाम लिखिए।
घ. शब्द किसे कहते हैं? उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं?

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए- 5

क. परिश्रम का महत्त्व
ख. मेरे सपनों का भारत
ग. समय का सदुपयोग
घ. स्वच्छता का महत्त्व
ङ. अनुशासन और सफलता

प्रश्न 4. व्यायाम का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए। 5

अथवा

अच्छे पुस्तकालय की स्थापना करने के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

खण्ड-ख

प्रश्न 5. क्षितिज भाग-2 (काव्य खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अप
उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 6x1=6

क. 'उत ते धार वही' में किसकी धार का उल्लेख है?
(i) दूध (ii) दही
(iii) प्रेम (iv) योग

ख. 'रे नृपबालक कालबस' किसे कहा गया है?
(i) राम को (ii) लक्ष्मण को
(iii) विष्णु को (iv) हनुमान को

ग. 'गागर रीति' से कवि किसके खालीपन की बात कह रहा है?
(i) तन (ii) मन
(iii) घड़ा (iv) घर

घ. उत्साह किस प्रकार का गीत है?
(i) प्रेम (ii) विरह
(iii) विवाह (iv) आह्वान

ङ. 'परस पाकर' में कौन-सा अलंकार है?
(i) अनुप्रास (ii) उपमा
(iii) रूपक (iv) यमक

च. संगतकार मुख्य गायक को क्या याद दिलाता है?
(i) जवानी (ii) बुढ़ापा
(iii) बचपन (iv) गीत

Downloaded from www.cclchapter.com

प्रश्न 6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

"हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-संदेश पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।"

क. इस काव्यांश का भाव पक्ष स्पष्ट कीजिए।
ख. गोपियों ने क्यों माना कि श्रीकृष्ण ने राजनीति की शिक्षा प्राप्त कर ली थी?
ग. गोपियों ने 'बढ़ी बुद्धि जानी' से क्या कहना चाहा है?
घ. पुराने जमाने में सज्जन क्या किया करते थे?
ङ. गोपियाँ क्या पाना चाहती थी?

प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए- 3

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ

प्रश्न 8. क. 'फसल' कविता द्वारा कवि हमें क्या संदेश देना चाहता है? 3+3=6

ख. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर श्रीराम की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

खण्ड-ग

प्रश्न 9. क्षितिज भाग-2 (गद्य खण्ड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। 6x1=6

क. नेता जी की प्रतिमा पर कैसा चश्मा था?
(i) सामान्य काले फ्रेम का (ii) सोने का
(iii) चाँदी का (iv) पत्थर का

ख. 'बालगोबिन भगत' किस विधा का पाठ है?
(i) कहानी (ii) नाटक
(iii) रेखाचित्र (iv) निबंध

ग. नवाब साहब रेलगाड़ी में किस श्रेणी में सफर कर रहे थे?
(i) प्रथम (ii) द्वितीय
(iii) तृतीय (iv) वातानुकूलित

घ. मन्नू भण्डारी का जन्म कहाँ हुआ?
(i) मानपुरा (ii) भानपुरा
(iii) शानपुरा (iv) तानपुरा

Downloaded from www.cclchapter.com

ङ. शहनाई बजाने के प्रयोग में आने वाली रीड किससे बनती है?

(i) बाँस (ii) नरकट

(iii) स्टील (iv) तूंबी

च. सभ्यता किसका परिणाम है?

(i) संस्कृति का (ii) शिक्षा का

(iii) ज्ञान का (iv) पैसे का

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5x1=5

"संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु। क्षण-क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़ कर बैठा नहीं जा सकता। मानव ने जब-जब प्रज्ञा और मैत्री भाव से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है, जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की ज़रूरत है।"

क. संसार को कैसा कहा गया है?

ख. प्रज्ञा क्या है?

ग. नए तथ्य का दर्शन किन दो विशेषताओं से होता है?

घ. कूड़े-करकट का ढेर किसे कहा गया है?

ङ. मानव के दो विशेष गुण कौन-से हैं?

प्रश्न 11. मन्नू भण्डारी अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यिक विशेषताओं व भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। 5

प्रश्न 12 क. नेता जी का चश्मा हर बार कैसे बदल जाता था?

ख. लेखक को खीरे खाने से इंकार करने पर अफसोस क्यों हो रहा था? 2+2=4

खण्ड-घ

प्रश्न 13. कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए- 3+2+2=7

क. माता का आँचल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

अथवा

अज्ञेय के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों?

ख. लेखिका को गंतोक से कंचनजंगा क्यों नहीं दिखाई दे रही थी?

ग. विज्ञान के विद्यार्थी अज्ञेय को अणुबम के विषय में पुस्तकीय जानकारी किस रूप में मिली?

खण्ड-ङ

प्रश्न 14. आदर्श जीवन मूल्य के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4x2=8

क. ईश्वर ही अपरिवर्तनीय सत्ता है, इसे उदाहरण सहित सिद्ध करें।

ख. विचारों की जीवन में क्या भूमिका है?

ग. किसी भी रूप में कार्यरत होते हुए क्या कर्म को पूजा बनाया जा सकता है? यदि हाँ तो कैसे?

घ. अर्जुन किन गुणों के बल पर श्रेष्ठ धनुर्धारी बने?

ङ. विनोबा भावे के गीता के संबंध में क्या विचार हैं?

Downloaded from www.cclchapter.com